## सार-समाचार

### 'जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं'



**चूरू** (निसं)। नई सडक पर नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने शनिवार शाम एक शादे समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की प्रेरणा से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये गये। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि पायलट का मानना है कि इस कडाके की सर्दी में जरूरतमंदों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य का कार्य नहीं है। महनसरिया ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में हर समय जरूरतमंदों व गायों की सेवा करनी चाहिये। इसी क्रम में जरूरतमंदों को 101 कंबल वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, कायमखानी समाज के जिलाध्यक्ष मुंशी खान, एडवोकेट मनोज महनसरिया, मुकेश महनसरिया, मोहन टेलर, पूर्व पार्षद डूंगरमल सैनी बाबा, राधे मोहन शर्मा, परमेश्वर रेगर, शिवम सोनी, आबिद मलनास, लक्ष्मण मेहरा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### प्रोपर्टी कार्ड एवं पट्टा वितरण

**रतनगढ़,** (निसं)। भारत सरकार की दुरगामी सोच को लिये हुऐ ग्रामीण जनता को उनके सम्पति के स्वामित्व के हक देने के अभियान स्वामित्व योजना मे पंचायत समिति रतनगढ क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के ग्रामीऊणो को पंचायत समिति परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री के अखिल भारतीय लाइव कार्यक्रम के दौरान पटा व प्रोपर्टी पार्सल का वितरण विधायक पुसाराम गोदारा पूर्व प्रधान अर्जुनसिंह फ्रांसा, संतोष तालणिया एवं विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास के द्वारा किया गया। विधायक गोदारा ने कहा की नई तकनीक से गांवो की आबादी सीमा अंकन एवं संपतियों का डिजिटिलाइजेशन एक्यूरेसी के हिसाब से ड्रोन सर्वे के माध्यम से किया गया है, जो कि भविष्य मे ग्रामीण जनता के संपति के मालिकाना हक का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बनेगा। दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुऐ कार्यक्रम मे विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास ने शाब्दिक स्वागत किया एवं सहायक विकास अधिकारी श्री दिलीप सोनी ने योजना विस्तृत विवरण दिया।कार्यक्रम को पूर्व प्रधान अर्जुनसिह फ्रांसा, संतोष तालणिया द्वारा संबोधित करते हुऐ कहा गया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी द्वारा ग्रामीण जनता के हितो का पूर्ण संरक्षण करने के लिए यह महती योजना लागू की गई है। जिसका अधिकाधिक ग्रामीण जनो को लाभ दिलवाने का प्रयास किया जाना चाहीए। इस अवसर पर दीनदयाल पारीक पूर्व सरंपच ,भारती मुदगल द्वारा भी अपने विचार प्रकट किये गये। कार्यक्रम के समापन पर स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छता शपथ एवं नशामुक्ति अभियान की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम मे कुल 28 लाभार्थियो को प्रोपर्टी कार्ड का वितरण किया गया।

### पोस्टर का विमोचन

**सीकर** (निसं)। सूर्य सप्तमी महोत्सव का आयोजन सूर्य मठ मंदिर लोहार्गल धाम में 2 फरवरी से लेकर 4 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर रामलीला मैदान स्थित महालक्ष्मी विवाह स्थल में सूर्य मठ लोहार्गल धाम के पीठाधीश्वर जगतगुरु अवधेशा चार्य जी महाराज ने पत्रकारों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। 2 फरवरी को सूर्य ध्वज पूजन के साथ कार्यक्रम का आगाज किया जाएगा। नवग्रह स्थापना पूजन, सामूहिक आदित्य ह्रदय स्तोत्र का पाठ 3 फरवरी को सूर्य महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 4 फरवरी को सुबह 9:15 बजे सूर्य महा अभिषेक, छप्पन भोग, पुष्प बंगला झांकी, और सूर्य महा आरती होगी। इसके पश्चात 12:15 बजे से भजन अमृत वर्षा संत समागम एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। मुख्य महोत्सव 4 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सांस्कृतिक मंडल सीकर के अध्यक्ष कांता प्रसाद मोर, संयुक्त मंत्री जानकी प्रसाद इंदौरिया,जानकी नारायण मंदिर के मंहत लक्ष्मणा आचार्य जी पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश शर्मा,कैलाश जांगिड़ पूर्व पार्षद नरेश सैन, शिव प्रसाद स्वामी, मानव स्वामी,गणेश चतेरा,समाजसेविका रमा शेखावत, वंदना राठौड़, सीमा शर्मा, गौसेविका ज्योति तनवानी,सरिता पेशवानी, पार्षद शंकर लाल सांखला, सुभाष जोशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। समाजसेवी दिनेश बियाणी, विनोद अग्रवाल,शिवप्रसाद सोनी, आनंद सिहोटिया ने सूर्य सप्तमी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भक्तो से शामिल होने का आग्रह किया।

### पोषबड़ा कार्यक्रम आयोजित

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना रोड पावर हाउस के पास स्थित श्याम मंदिर में रविवार को गायत्री पाठ, हवन पूजन, के साथ पोष बडा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही नव निर्मित हनुमान जी के मंदिर निर्माण का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा हवन पूजन के साथ भजनों का आनंद उठाया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पोष बड़े का प्रसाद ग्रहण किया। कस्बे निवासी बिरजू गर्ग ने मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि लच्छू भाईसाहब को मंदिर निर्माण हेतु ढाई लाख रुपए की सहायतार्थ राशि प्रदान की तथा आर आर ग्रुप के महेंद्र खटाणा द्वारा एक लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। गौरतलब है की श्याम मंदिर का निर्माण काफी वर्षों से अधूरा रह गया था जिसको श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मीटिंग आयोजित कर मंदिर को पूरा करने का बीड़ा उठाया था। इसी को लेकर मंदिर में इसकी शुरुआत की गई है, बहुत जल्दी ही मंदिर का काम पूरा किया जाएगा, तथा हनुमान जी का नया मंदिर भी तैयार करवाया जा रहा है। इस दौरान पाटन सरपंच मनोज चौधरी, पूर्व सरपंच केदार सैनी, लच्छू भाईसाहब, ओमी सैनी, मातादीन सैनी, पंकज सोनी,मुकुल गुप्ता, नितिन मिश्रा,रामचंद्र सैनी, सुरेश सैनी, देवेंद्र सैनी, अरविंद तिवाडी, पुष्कर टेलर, धीरेंद्र स्याणा, राजू स्वामी सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए रवाना

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना से प्रयागराज के लिए एक धार्मिक यात्रा की शुरुआत हुई, जिसमें 4 बसें पुलिया के नीचे से रवाना हुईं। इन बसों में कुल 180 श्रद्धालु शामिल हुए, जो प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए जा रहे हैं। विहिप जिलाध्यक्ष मनोज बंशिया ने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया और श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। यह यात्रा नीमकाथाना के लोगों के लिए एक बड़ा अवसर है, जो उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले इस बड़े धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका देगी। यह यात्रा चंदगीराम टूर एंड ट्रैवल्स द्वारा आयोजित की गई है। बस संचालन प्रेम प्रकाश खेदड़ ने बताया कि बसें प्रयागराज के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए तैयार की गई हैं। उन्होंने कहा कि बसों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं और यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। नीमकाथाना के लोगों ने इस धार्मिक यात्रा के लिए बड़े उत्साह के साथ भाग लिया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके लिए एक बड़ा अवसर है और वे प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं।

### बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापित

**चूरू** (निसं)। स्थानीय वार्ड नं 59 में रविवार को श्री दक्षिण मुखी बालाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई। गौरतलब है कि गुरुजी स्व. जेठाराम महर्षि की प्रेरणा से मंदिर की स्थापना की गई। भामाशाह सत्यभामा महर्षि, सरोज महर्षि, नंदा देवी व निर्मला देवी के आर्थिक सौजन्य नवनिर्मित मंदिर की मूर्ति स्थापना की गई। इससे पूर्व शनिवार शाम को हवन और बालाजी सुंदरकांड समिति की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मन्दिर के पुजारी महेन्द्र शर्मा ने बताया कि रविवार को मूर्ति स्थापना से पूर्व शोभायात्रा के साथ भगवान को नगर भ्रमण करवाया गया। शोभायात्रा मंदिर से रवाना होकर सवाई सागर बालाजी धाम होते हुए मुख्य मार्गों से मंदिर स्थल पर पहुंची। इस दौरान पंडित नरेंद्र शास्त्री, मोहित शास्त्री व गोपी राम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर मूर्ति स्थापना करवाई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान नरेंद्र कुमार महर्षि, अजय कुमार महर्षि, मनोज कुमार, मुकेश कुमार व राजेश कुमार शर्मा ने सपत्निक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कंचन, माया, सुमन, पूजा, कुसुम, अजय महर्षि, महेंद्र सारस्वत, उषा सारस्वत, कैलाशचंद्र नवहाल, सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

# जरूरतमंद परिवार जनों को गर्म वस्त्र एवं घरेलू सामग्री वितरित की

**राजलदेसर** (निसं)। युवा विकास समिति की प्रेरणा से विश्व मानव कल्याण संघ की ओर से वार्ड नं 23 में आंगनबाडी केंद्र पर जरूरतमंद परिवार जनों को गर्म वस्त्र एवं घरों में काम आने वाली सामग्री वितरण का कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस थाना की महिला कांस्टेबल अनीता मीणा युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतन लाल बारूपाल, विश्व मानव कल्याण संघ के राष्ट्रीय मंत्री सुरेश तिवारी, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय संयोजक पूजा पारीक,दिनेश पारीक प्रदेश उपाध्यक्ष, समाजसेवी मधु श्रीमाल आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता कमला प्रजापत के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस थाना की कांस्टेबल अनीता मीणा ने कहा कि राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से विश्व मानव कल्याण संघ के तत्वाधान में आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

उन्होंने कहा इंसान अपने लिए तो सब कुछ करता है लेकिन जो दूसरे के लिए कार्य करता है उससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग की और से चलाए जा रहे हैं सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर नियमों की पालनों हेतु जानकारी दी साथ ही अपने परिवार के सदस्य को बिना हेलमेट बाहर नहीं जाने की भी बात कही । इस अवसर पर विश्व मानव कल्याण संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश तिवारी ने कहा कि हमारे संघ का उद्देश्य है जरूरतमंद परिवार जनों को अधिक से अधिक लाभ कैसे मिले । इसी की उद्देश्य के चलते हैं हमारे संघ की ओर से इस तरह के कार्यक्रम लगातार जारी है साथ ही उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्य करने की बात कही।



राजलदेसर में आंगनबाड़ी केंद्र पर जरूरतमंद परिवार जनों को गर्म वस्त्र एवं घरों में काम आने वाली सामग्री वितरण का कार्यक्रम रखा गया।

आंगनबाड़ी केंद्र में 10 कुर्सी एवं दो बडी दरी देने की घोषणा की। इसके अलावा करीबन 50 हजार रुपए की अधिक राशि के गर्म बस्तर एवं जरूरतमंद सामग्री वितरित की गई । इस अवसर पर युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतन लाल बारूपाल ने सुरेश तिवारी का आभार जताते हुए कहा कि भविष्य में इसी तरह के कार्य करते रहे । इसी प्रकार मधु श्रीमाल ने कहा कि मेरे लायक जो भी कार्य होगा हमेशा तत्पर तैयार रहूंगी। कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र टाक,रामदयाल जोरावरपुरा ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का साफा, दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया एवं सभी जरूरतमंद परिवार जनों को सामग्री वितरित की एवं बच्चों को मिठाई भी बांटी गई। कार्यक्रम के तहत आंगनबाडी की सहायिका कमला प्रजापत ने सभी का आभार जताया इस अवसर पर युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच, विनोद भाटिया, शिव भगवान सोनी कालूराम तंवर, महिला कार्यकर्ता राज श्री बैद, रामोतार पांडे सहित अनेकों व्यक्ति उपस्थित थे।

## देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**सीकर** (निसं)। दादिया थाना पुलिस ने तारपुरा हवाई पट्टी पर देशी पिस्टल लेकर घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस जवानों ने उसे भागकर पकड लिया। आरोपी पर पूर्व में सीकर शहर के उद्योग नगर थाना में दो मामले दर्ज हैं। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है कि वह किस घटना को अंजाम देने के लिए घूम रहा था। दादिया थाना पुलिस लगातार बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

दादिया थानाधिकारी अशोक कुमार झाझडिया ने बताया कि 18 जनवरी को पुलिस थाने की टीम गश्त करते हुए तारपुरा पहुंची। मुखबिर से सूचना मिली कि कुशलपुरा निवासी आरोपी मनोज सिंह तारपुरा हवाई पट्टी पर हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची जहां एक संदिग्ध युवक नजर आया। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा लेकिन पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी मनोजसिंह की तलाशी ली गई तो बेल्ट के नीचे देसी पिस्टल मिली। पुलिस ने मौके से आरोपी मनोज सिंह 29 वर्ष पुत्र किशोर सिंह निवासी शिवनगर तन कुशलपुरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर पूर्व में सीकर के उद्योग नगर थाने में मारपीट के दो मामले दर्ज हैं।

# राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का समापन

**झुंझुनूं**, ( निसं ) राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का समापन जिले के जेपी जानूं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में समापन सत्र के मुख्य अतिथि भामाशाह व राजस्थान आदर्श जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवकरण जानूं थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीईओ सैकंडरी सुभाषचंद्र ढाका, सीबीईओ अलसीसर राजेंद्र खीचड, सीओ स्काउट महेश कलावत रहे।

मुख्य वक्ता सेठ नेतराम मघराज राजकीय बालिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रोहिताश्व यादव थे। सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत की गई। आए हुए समस्त मेहमानों का माल्यार्पण शॉल एवं साफा ओढाकर स्वागत किया गया।

संगठन के प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने कहा कि शिक्षक शिक्षक में व्याप्त चुनौतियों का सामना तभी कर पाएगा। जब वह स्वयं स्वाध्याय करके विद्यालय में आएगा। उन्होंने समस्त

- **दो दिनों में शिक्षक हित में एवं शिक्षार्थी हित में विभिन्न मांगों पर मंथन हुआ**

शिक्षकों से स्वयं आचार संहिता की पालना करने की बात रखी।

प्रदेश सभा अध्यक्ष ललित आर पाटीदार ने कहा कि शिक्षकों की मांगों के लिए हम संघर्ष की रूपरेखा बनाएंगे एवं उसकी जल्दी ही घोषणा की जाएगी। उसके बाद खुला अधिवेशन प्रारंभ हुआ। जिसमें खुले मंच से राजस्थान भर के जिलाध्यक्षों ने अपने विचार रखे। जिसमें शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानान्तरण से रोक हटाने, सभी श्रेणी के शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, प्रिंसिपल भर्ती में 50 प्रतिशत सीधी भर्ती से भरे जाने वह 50 प्रतिशत डीपीसी से भरे जाने, अधिशेष शिक्षकों का पदस्थापन काउंसलिंग सिस्टम के माध्यम से करने, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में साक्षात्कार से चयनित अध्यापकों को अधिशेष नहीं करने, जिन अध्यापकों के पदस्थापन से संबंधित मामले ट्रिब्यूनल कोर्ट में चल रहे हैं उनकी काउंसलिंग करवा कर उचित पदस्थापन करवाने, जब सम्मेलन या शिक्षक का अवकाश हो उस दिन शिक्षा विभाग का कार्यक्रम जारी नहीं करने, पूर्व प्राथमिक शिक्षक को भी शिक्षकों के समान वेतन देने, बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक और वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के बाद पदोन्नित का विकल्प करने, जिन सत्रों की विभिन्न संवर्गों की डीपीसी बकाया चल रही है उनकी अति शीघ्र डीपीसी कर पदस्थापन किए जाने, अध्यापकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त रखा जाए सहित 21 सूत्री मांग पत्र तैयार किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाषचंद्र ढाका ने बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देने का आव्हान किया एवं नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता डॉ. रामकुमार सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 की गुणवत्ता, सामाजिक परिवर्तन, कौशल युक्त शिक्षा, विदेश में बेरोजगारी, सामाजिक मूल्य में बदलाव, संस्कृति में हो रहे परिवर्तन, बच्चों पर शिक्षा का मानसिक दबाव, बढ़ रही आत्महत्या, नशे की प्रवृत्ति, शिक्षकों के दायित्व, सामाजिक परिवर्तनों के अनुसार शिक्षक को बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया।

# खेतड़ी के रामकृष्ण मिशन में चल रहे विवेक चिंतन उत्सव का समापन

**खेतड़ी,** ( निसं ) खेतड़ी के रामकृष्ण मिशन परिसर में चल रहे तीन दिवसीय विवेक चिंतन उत्सव का रविवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईओ जितेंद्र सुरोलिया थे, जबकि अध्यक्षता मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान तीनदिन तक चले विवेक चिंतन उत्सव प्रतियोगिता में खेतड़ी, सिंघाना, चिड़ावा, झुंझुनू के कई विद्यालयों के होनहार छात्र छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद मुखपाठ व समूह गीत के साथ विवेक चिंतन उत्सव समापन समारोह का आयोजन किया। विवेक चिंतन उत्सव प्रतियोगिताओं में 275 छात्र-छात्राओं ने सहभाग लिया तथा 30 शिक्षक-शिक्षिका इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रामकृष्ण मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि रामकृष्ण मिशन में चल रहे तीन दिवसीय विवेक चिंतन उत्सव प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को 21 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव के अवसर पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागी छात्रों, शिक्षको को स्वामीजी की पुस्तिका व पेन देकर सम्मानित किया गया।

## जनसुनवाई की

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय विधायक पूसाराम गोदारा ने शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास पर जनसुनवाई की।

विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ के लोग अपनी जनसमस्याएं लेकर विधायक की जनसुनवाई में पहुंचे।विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क, नगरपालिका से संबंधित समस्याओं के बारे में ग्रामीण एवं शहर वासियों ने विधायक को अवगत करवाते हुए समाधान की मांग की।

## संविधान गौरव अभियान जिला समिति व विधानसभावार बैठक आयोजित

**सीकर** (निसं)। भाजपा जिला कार्यालय में संविधान गौरव अभियान जिला समिति की विधानसभा वार बैठक का आयोजन किया गया।

संविधान गौरव अभियान समिति के बाबूलाल हलदुनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा समूचे देशभर में संविधान गौरव अभियान मनाया जा रहा है इस कडी में सीकर जिले में आज समिति के जिला संयोजक ईश्वर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में विधानसभा वार बस्ती संपर्क, स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों में संपर्क अभियान निश्चित किए गए हैं अभियान के जिला संयोजक ईश्वर सिंह राठौड़ ने बताया कि बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा राष्ट्र के प्रति किए गए कार्यों व संविधान निर्माण के लिए कृतज्ञता प्रकट करने हेतु सोमवार 20 जनवरी को प्रात: 10 बजे अंबेडकर सर्किल सीकर पर बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा का दुधाभिषेक किया जाएगा। इसी दिन 20 जनवरी को 3:00 बजे फतेहपुर व दांतारामगढ में बस्ती संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 21 जनवरी को पिपराली सीकर, खंडेला बाल्मीकि बस्ती,बांगड़ गार्डन अजीतगढ श्रीमाधोपुर में ,मंगलूना लक्ष्मणगढ में बस्ती संपर्क कर संविधान गौरव अभियान के तहत बाबा साहेब के विचारों को जनमानस तक पहुंचाया जाएगा।

समिति के सहसंयोजक एवं भाजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि अभियान के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज में छात्रावासो में संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाकर संविधान के प्रति श्रद्धा व निष्ठा का संकल्प करवाया जाएगा साथ ही भारत के गौरवमई संविधान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डॉक्टर अंबेडकर के जीवन से जुड़े विभिन्न संस्मरणों एवं उनके द्वारा देश के प्रति किए गए योगदान के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी जिससे आने वाली पीढियां बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेकर देश में अपनी सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर समिति के सह संयोजक डॉक्टर बी एल रणवा,विनोद महला, कार्यक्रम प्रभारी रामनिवास सैनी,फतेहपुर विधानसभा संयोजक सरोज कडवासरा, सीकर विधानसभा संयोजक राजू गुर्जर, लक्ष्मणगढ़ विधानसभा संयोजक दिनेश मंगलूना, श्रीमाधोपुर विधानसभा संयोजक बोदूराम बुनकर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी,एससी मोर्चा के शैलेंद्र दनोदिया और सुनील कौशिक ने भी डॉक्टर अंबेडकर के सिद्धांतों विचारों पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि डॉक्टर अंबेडकर भारतीय लोकतंत्र के लिए स्वाभिमान का प्रतीक है।

# 'लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर कठिन परिश्रम करें, सफलता आपके कदम चूमेगी'

**चूरू** (निसं)। अग्रसेन नगर स्थित सामुदायिक भवन में अग्रसेन नगर विकास समिति की ओर से रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड थे।

वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, वासुदेव चावला व राकेश जांगिड़ थे। समिति अध्यक्ष मदन लाल राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाह नरेन्द्र कुमार लाटा, ठेकेदार महेंद्र दाधीच और ओमप्रकाश तंवर व राजेंद्र मुसाफिर को साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समिति के पूर्व अध्यक्ष आर.एम. भटनागर, हरि शंकर दाधीच, हनुमान सिंह राठौड, शंकर लाल स्वामी, बनवारी लाल शर्मा व नि:स्वार्थ कार्य करने पर विमल भटनागर, हुकुमचंद गौड, कप्तान के.के. शर्मा, रामस्वरूप शर्मा व सज्जन लाटा को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सरकारी सेवा में चयनित, खेल व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को अतिथियों ने प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



अग्रसेन नगर विकास समिति की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड ने कहा कि एक लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर कठिन परिश्रम करने से सफलता आपके कदम चूमेगी। ऐसे कार्यक्रमों से प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता हैं। वहीं आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है।

विधायक हरलाल सहारण ने आयोजन समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जैन श्वेतांबर विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। संदीप शर्मा, पुनीत लाटा, प्रमोद गौड़ व ओम प्रकाश इंदौरिया ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर विनोद जांगिड, सीताराम खरोड, परमेश्वर शर्मा, जिलेसिंह राव, बृजेंद्र दाधीच, सुभाष शर्मा, किशन सिंह राठौड, सूबे सिंह चौधरी, रविकांत शर्मा सहित बडी संख्या में अग्रसेन विकास समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भूमिका लाटा व उर्मिला चाहर ने किया।

## सार-समाचार

### जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित

**तारानगर** (निसं)। हाड कंपा देने वाली ठंड के बावजूद परमपिता शाह सतनाम जी महाराज के पावन एमएसजी अवतार माह का नामचर्चा सत्संग भंडारा धूमधाम से मनाया। भंडारे की खुशी में एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केन्द्र मौजपुर धाम, बुधरवाली में भारी तादाद में साध-संगत पहुँची और सतगुरु जी की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के पावन सान्निध्य में चलाए जा रहे 167 मानवता भलाई कार्यों के तहत सर्दी के मद्देनजर 106 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। सत्संग के बाद गुरू का अटूट लंगर बरताया गया। 'धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा' पवित्र नारे के साथ 'एमएसजी सत्संग भंडारे' का आगाज हुआ। इसके पश्चात कविराज भाइयों ने विभिन्न भक्तिमय भजनों के माध्यम से सतगुरु जी की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर मुख्य पंडाल को खूबसूरत लड़ी, रंगोली और गुब्बारों से सजाया गया था। एमएसजी सत्संग भंडारे में पहुँची साध-संगत में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। इस दौरान खुशियों भरे भजनों पर बच्चे, युवा और बुजुर्गों सहित श्रद्धालु नाचते नज़र आए। नामचर्चा सत्संग भंडारे में बड़ी -बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के पावन वचनों को साध-संगत ने एकाग्रचित होकर श्रवण किया। वहीं नशों के खिलाफ संदेश देने वाले पूज्य गुरु जी द्वारा गाए गए भजन 'आशीर्वाद माओ का' और 'मेरे देश की जवानी' पर पंडाल में उपस्थित संगत झूम उठी। भीषण सर्दी के बावजूद साध-संगत का जोश और उत्साह काबिले-तारीफ रहा। इस अवसर पर सड़कों पर बेसहारा घूमते मंदबुद्धियों की सार-संभाल का संदेश देती एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। नामचर्चा सत्संग भंडारे की समाप्ति पर सेवादारों ने आई हुई साध-संगत को कुछ ही मिनटों में लंगर भोजन खिला दिया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर प्रारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। स्थानीय राजकीय जालान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर आज प्रारंभ हुआ।प्रो कल्याण सिंह चारण ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जिला समन्वयक डा महेंद्र खारड़िया ने सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के बाद मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा सुशील त्यागी ने बताया कि जिला समन्वयक डा महेंद्र खारड़िया ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें अपने लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए जीना सीखाती है। सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना बहुत उपयोगी है। आपने शिविर में सीखी बातों को जीवन में उतारने का आ ान किया।आपने माय भारत पोर्टल पर प्रत्येक स्वयंसेवक को अनिवार्यत: रजिस्ट्रेशन कराने हेतु निर्देशित किया।डा त्यागी ने शिविर की रुपरेखा प्रस्तुत की।इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर प्रारंभ के बाद श्रमदान किया गया।प्रो कल्याण सिंह चारण ने बताया कि विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए प्रतिदिन मोटिवेशनल व्याख्यान रखा जायेगा।कल मानव प्रबोध प्रन्यास शिव बाड़ी बीकानेर के अधिष्ठाता विमर्शानंद गिरिजी स्वयं सेवकों को उद्बोधन देंगे।कल स्वयं सेवकों को योगाभ्यास भी करवाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डा सुशील त्यागी ने किया।

### ढांढ़ण शक्ति दादी की दिव्य ज्योति यात्रा शेखावाटी में पहुंची

**चूरू** (निसं)। श्री ढांढ़ण शक्ति दादी की दिव्य ज्योति यात्रा 40 दिन के अखंड भारत भ्रमण के पश्चात मरुधरा के शेखावाटी अंचल में प्रवेश किया। यात्रा 11 दिसंबर को जगत जननी के दिव्यज्योति स्वरूप के साथ दादीजी के निज धाम से प्रस्थान किया था। रविवार को सुबह गुलाबी नगरी जयपुर से ब्रह्म मुहूर्त की पूजा के पश्चात यात्रा ने शेखावाटी अंचल में प्रवेश किया। रास्ते में भव्य स्वागत करते हुए लक्ष्मणगढ़ के भक्तों द्वारा भव्य मंगल यात्रा निकालकर भव्य भजन-कीर्तन व अराधना की गई। भजन संध्या में कोलकाता के मोनू मोर व मूलचंद बजाज ने भजनों से दादी को रिझाया व विदर्भ कुमारी नेतल शर्मा ने अपनी मधुर वाणी से भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। अखिल भारतीय मां टीडा गैला बसंतोत्सव परिवार के प्रवक्ता ने बताया कि यह दिव्य ज्योति यात्रा हिंदुस्तान के विभिन्न 50 शहरों में भ्रमण करते हुए पधारी है। प्रवक्ता के अनुसार दादी लक्ष्मणगढ़, चुरू, रतनगढ़ व फतेहपुर में भव्य कार्यक्रमों के पश्चात 23 जनवरी को फतेहपुर, रोलसाहबसर होते हुए भव्य शोभा यात्रा में परिवर्तित हो जाएगी। 24 जनवरी को एक शाम शिव शक्ति के नाम से उज्जैन के किशन भक्त के भजन होंगे।

### ध्रुव का एनडीए 154 एसएसबी में सलेक्शन

**सीकर** (निसं)। वर्तमान में जारी एनडीए 154 एसएसबी इंटरव्यूज में सीकर स्थित प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल से एसएसबी में एक के बाद एक सलेक्शन होते जा रहे हैं। इसी श्रंखला में प्रिंस एनडीए एकेडमी के ध्रुव चौधरी का एनडीए 154 एसएसबी में सलेक्शन हुआ है। इस चयन के माध्यम से ध्रुव को सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिलेगी। जयपुर निवासी ध्रुव के पिता जयपाल सिंह व्याख्याता हैं एवं माता शालिनी चौधरी गृहिणी हैं। प्रिंस एनडीए एकेडमी व प्रिंस सैनिक स्कूल में कक्षा 6 से 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को एनडीए यूपीएससी, एसएसबी एवं यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन के पैटर्न पर स्कूलिंग के साथ-साथ तैयारी करवाई जा रही है।

### पांच श्लोकी गीता पाठ किया

**चूरू** (निसं)। भास्कर भवन में सर्राफ फाउंडेशन के आर्थिक सौजन्य से प्रत्येक रविवार को चल रही गीता क्लासेज में सृष्टि और गौरव शर्मा ने पांच श्लोकी गीता पाठ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम सुंदर भोजक, संजय सिंघानिया व प्रमोद गौड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जनार्दन आचार्य ने बच्चों को गीता के 12वें अध्याय के पाठ का उच्चारण व शुद्धिकरण करवाया। इस दौरान बच्चों ने जरूरी नौ नियम के अतिरिक्त गजल गीत का भी अभ्यास किया। कार्यक्रम में बच्चों को सरल गीता भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में मोहित सिंघानिया, माधुरी, दिव्या, महेश शर्मा, लक्ष्मी ने सहयोगी भूमिका निभाई।